# कार्यालय नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांक :– 96 /न0नि0सहा0/2024–25 दिनांक :– 07-10-2024 ~~25 सितम्बर~~, 2024

प्रशासनिक एवं कार्यालय हित में नगर निगम कार्यालय में तैनात महिला अधिकारियों एवं महिला कर्मचारियों के मूलभूत एवं संवैधानिक हितों की रक्षा के लिये कार्यालय ज्ञाप सं० 191/वै0स0/2021–22 दिनाक 19 जून 2021 के द्वारा श्री रवीश चन्द मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप नामित करते हुये महिला अधिकारियो/कर्मचारियों की समिति गठित की गयी थी। जिन्हें कार्यालय परिसर में किसी महिला कर्मचारी द्वारा लैंगिक उत्पीडन सम्बन्धी शिकायत किये जाने पर उनके जांच कर रिपोर्ट नोडल अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। पूर्व निर्गत आदेशों में संशोधन करते हुये श्री राजेश यादव, अपर नगर आयुक्त को नोडल अधिकारी नामित करते हुये पुनः समिति का गठन निम्नवत् किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति संगीता गुप्ता | मुख्य कर निर्धारण अधिकारी | अध्यक्ष |
| 2. | सुश्री श्रृति माहेश्वरी | कर निर्धारण अधिकारी | सदस्य (सचिव) |
| 3. | श्रीमति उमा जैन | लिपिक | सदस्य |
| 4. | श्रीमति वन्दना सचदेवा | लिपिक | सदस्य |

कार्यालय परिसर में यदि किसी महिला अधिकारी/कर्मचारी से सम्बन्धित कोई भी असंसदीय व्यवहार अथवा असंसदीय आचरण या किसी भी प्रकार की अन्य असुविधाजनक स्थिति उत्पन्न होने की दशा में कार्यालय में कार्यरत महिला अधिकारी/कर्मचारी उपरोक्त समिति को सूचित करेंगे। समिति समस्त वस्तुस्थिति का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट नोडल अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करेगी।

उक्त निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर।

प्रतिलिपि :– मा0 महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्ष, नगर निगम, सहारनपुर।
2. सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को अनुपालनार्थ।
3. समस्त अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर।

07-10-24